भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1780

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव में सड़कें

1780. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कई वर्षों से संघ राज्यक्षेत्रों दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव के शहरों और गांवों में कई सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार का इरादा इसकी मरम्मत करने का है और यदि हां, तो इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव से संबंधित है। राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव में एनएच को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा रहा है। सरकार ने संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव में एनएच के विकास और उन्नयन के लिए पिछले तीन वर्षों में 3 कार्यों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लंबाई 37 किलोमीटर है।

अन्य श्रेणी की संडकों के संबंध में, लोक निर्माण विभाग, संघ राज्य क्षेत्र दादर एवं नागर हवेली तथा दमण एवं दीव ने सूचित किया है कि सभी सड़कें यातायात योग्य स्थिति में हैं।

*****